## संपादकीय

# कूटनीतिक गठबंधन

पहली बार दिल्ली के सत्ता प्रतीक रायसीना हिल्स पर ऐसी सैन्य चर्चा हुई, जिसने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के सामरिक परिदृश्य की ओर समूचे विश्व का ध्यान आकर्षित किया है। रायसीना डायलॉग में तकरीबन पांच दर्जन देशों के सेना प्रमुखों ने मंथन किया। विश्व के 5 बड़े देशों अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, भारत और जापान के नौसेना प्रमुखों ने हिस्सा लिया, जिसमें इनकी चिंता का विषय हिंद और प्रशांत महासागर में चीन की बढ़ती हुई ताकत को नियंत्रित करने की नीतियों पर निर्भर रहा। मंच ने चीन को इशारा किया कि उनकी अगुवाई में जो 4 देशों का गठबंधन भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया, जिसे [ैड कहते हैं, न सिर्फ और सि य होगा बल्कि इनके सहयोग का दायरा भी बढ़ेगा, जिसमें कुछ दूसरे अहम देश भी भाग लेंगे। इस मंच पर पांचवें देश फ्रांस की उपस्थिति बहुत महत्व रखती है। फ्रांस के नौसेना प्रमुख एडमिरल ि स्टोफ पाजूक के हिसाब से प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती हुई नौसैनिक गतिविधियां फ्रांस की निगाह में हैं। इस सत्र में भारत के नौसेना प्रमुख एडमिरल सुनील लांबा, अमेरिकी नौसेना के इंडो पेसिफिक कमांड के कमांडर एडमिरल पीएस डेविडसन, जापान के चीफ आफ ज्वाइंट स्टॉफ एडमिरल कात्सूतोशी कवानो और ऑस्ट्रेलिया के चीफ आफ डिफेंस फॉर जनरल एजी कैंपबेल ने भाग लिया।

दरअसल, सभी ने चीन की हिंद और प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती हुई गतिविधियों और अंतर्राष्ट्रीय मान्य नियमों का उल्लंघन करने को चिंता का विषय बताया। अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया के साथ भारत का नौसेना सहयोग एक समान सोच वाले देशों का गठबंधन है। विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने कहा कि दुनिया का हर देश आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस अपनाए। पिछले 5 वर्षों में चीन ने 80 विशाल जहाजों का बेड़ा तैयार किया है और क्षेत्र में एक पनडुब्बी तैनात करने की बात भी कही थी जो कि चीन की मंशा को स्पष्ट करता है। हिंद व प्रशांत महासागर व्यापारिक और यौद्धिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। किसी एक देश की ऐसी दावेदारी विश्व शांति के लिए खतरा है, जिस पर अंकुश लगाना अत्यंत आवश्यक है। रायसीना डायलॉग का यह सत्र इस विषय में एक गंभीर और मजबूत कदम है।

# फंसे कर्जों पर बढ़िया प्रदर्शन करने वाले बैंकों को मिलेगा आरबीआई से तोहफा

नई दिल्ली (आरएनएस)। वित्त मंत्रालय और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के बीच जल्द ही स्ट्रेस्ड बैंकों के लिए प्रॉम्प्ट करेक्टिव ऐक्शन (पीसीए) फ्रेमवर्क में ढील पर सहमति बन सकती है। यह राहत उन बैंकों को ही मिलेगी, जिन्होंने बैड लोन की समस्या को हल करने में अच्छी पहल की है। अभी 11 सरकारी और एक प्राइवेट बैंक पीसीए फ्रेमवर्क के तहत हैं। जिन बैंकों को पीसीए में डाला जाता है, उनके जोखिम वाले कर्ज देने और ब्रांच की संख्या बढ़ाने पर रोक लग जाती है। ऐसे बैंकों पर दूसरी पाबंदियां भी लगाई जाती हैं।




इस मामले में चल रही बातचीत से वाकिफ एक सरकारी अधिकारी ने बताया, हम सारे बैंकों को पीसीए से बाहर करने के लिए नहीं कह रहे हैं। हम सिर्फ उन बैंकों के लिए यह राहत चाहते हैं, जिन्हें इससे रिकवरी में मदद मिलेगी। अधिकारी ने बताया कि कुछ बैंक तो फरवरी में ही पीसीए से बाहर आ सकते हैं। सरकार को लगता है कि हाल में सरकारी बैंकों को फंड दिए जाने के बाद कैपिटलाइजेशन को लेकर उनकी स्थिति सुधरी है। इसलिए उन्हें पीसीए से बाहर करने का आधार बनता है।

ऊपर जिस अधिकारी का जिक्र किया गया है, उन्होंने कहा, हमने सरकारी बैंकों की फंडिंग की समस्या दूर कर दी है। इन बैंकों ने न सिर्फ लोन रिकवरी में प्रगति की है बल्कि उन्होंने अपने पोर्टफोलियो का रिस्क भी काफी घटाया है। पिछले महीने सरकार ने पब्लिक सेक्टर के बैंकों को और 41 हजार करोड़ रुपये देने का ऐलान किया था। इससे वित्त वर्ष 2019 में पब्लिक सेक्टर के बैंकों को सरकार से मिलने वाली कुल रकम 65 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 1.06 लाख करोड़ रुपये हो गई। इससे पहले 19 नवंबर को आरबीआई की बोर्ड मीटिंग हुई थी। उस वक्त उर्जित पटेल रिजर्व बैंक गवर्नर थे। इस मीटिंग में पीसीए नॉर्म्स में कुछ ढील देने पर विचार करने को लेकर सहमति बनी थी।

अधिकारी ने बताया, वित्त वर्ष 2019 की पहली छमाही में पब्लिक सेक्टर के बैंकों का ग्रॉस बैड लोन 23,860 करोड़ रुपये कम हुआ है। इस दौरान 60 हजार करोड़ की रेकॉर्ड रिकवरी हुई है।

# इंटरनेट पर जल्द बंद हो जाएंगे स्पैम और घटिया ऐड

नई दिल्ली (आरएनएस)। फेसबुक, गूगल, यूनिलीवर, ग्रुपएम, माइक्रोसॉफ्ट और पब्लिसिस ग्रुप जैसे दुनिया के सबसे बड़े ऐड स्टेकहोल्डर्स के लिए पॉप ऐड्स, लाइक, कॉमेंट और शेयर के रिक्वेस्ट वाले स्पैम कंटेंट, साउंड वाले ऑटो प्ले विडियो ऐड्स, काउंटडाउन वाले ऐड्स, फुल स्क्रीन स्क्रॉलओवर और सेक्सुअल कंटेंट वाले ऐड गुजरे जमाने की बातें हो जाएंगी। दरअसल ये सभी कंपनियां जिस ऐडवर्टाइजर्स की इंटरनैशनल सेल्फ रेग्युलेटरी बॉडी कोलिशन फॉर बेटर ऐड्स (सीबीए) की मेंबर्स हैं, उसने ऐड स्टैंडर्ड्स को तत्काल प्रभाव से रिवाइज कर दिया है। सीबीए के मेंबर वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ ऐडवर्टाइजर्स के चीफ एग्जिक्यूटिव स्तेफान लोर्के कहते हैं, ऐसे ऐड्स सीबीए के स्टैंडर्ड्स




और कन्ज्यूमर की स्वीकार्यता के स्तर से नीचे हैं और हो सकता है कि इन्हीं की वजह से कन्ज्यूमर्स ऐड ब्लॉकर का इस्तेमाल करने पर मजबूर हो जाता है। स्पोक्सपर्सन ने कहा, हमारे ऐड ऑक्शन में लो क्वॉलिटी एट्रिब्यूट्स वाले इंडिविजुअल ऐड्स का डिस्ट्रीब्यूशन घटेगा या फिर उन्हें नकार दिया जाएगा।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में जबर्दस्त तेजी, लगातार पांच दिनों से बढ़ रहे दाम

नई दिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल और डीजल के दाम में लगातार पांचवें दिन जारी वृद्धि के बाद देश की राजधानी दिल्ली में सोमवार को नए साल में पहली बार पेट्रोल 70 रुपये लीटर से ऊपर चला गया। डीजल भी दिल्ली में 64 रुपये प्रति लीटर से अधिक दाम पर मिलने लगा है। नोएडा में भी पेट्रोल का दाम 70 रुपये लीटर से उंचा हो गया है।



तेल विपणन कंपनियों ने सोमवार को दिल्ली और मुंबई में पेट्रोल के दाम में 38 पैसे, जबकि कोलकाता में 37 पैसे और चेन्नई में 40 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की। डीजल के दाम में दिल्ली और कोलकाता में 49 पैसे, जबकि मुंबई में 52 पैसे और चेन्नई में 53 पैसे लीटर का इजाफा हुआ है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम बढ़कर क्रमशः 70.13 रुपये, 72.24 रुपये, 75.77 रुपये और 72.79 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

चारों महानगरों में डीजल के दाम बढ़कर क्रमशः 64.18 रुपये, 65.95 रुपये, 67.18 रुपये और 67.78 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

दिल्ली-एनसीआर स्थित नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम में पेट्रोल की कीमतें बढ़कर क्रमशः 70.07 रुपये, 69.94 रुपये, 71.31 रुपये और 71.10 रुपये प्रति लीटर हो गई हैं।

# देश में 30 फीसदी बढ़ सकता है दूध उत्पादन

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत दूध उत्पादन में अग्रणी देशों में शुमार है। यह तब है जब मस्टाइटिस बीमारी की वजह से दूध उत्पादन पर खासा असर पड़ता है और अगर इस बीमारी पर लगाम लग जाए तो देश में 30 फीसदी दूध उत्पादन बढ़ जाएगा और किसानों की आय भी 30 से 35 फीसदी बढ़ जाएगी।

मूफार्म के संस्थापक परम सिंह ने कहा, औसतन 1000 पशुओं की जांच में 600 में मस्टाइटिस की समस्या देखी जाती है और इस समस्या को दूर कर देश में दूध उत्पादन में 30 फीसदी की वृद्धि हो सकती है। स्तन में आई सूजन को मस्टाइटिस या स्थानीय भाषा में थनैला कहा जाता है। इसकी वजह से डेयरी किसानों को 30 से 50 फीसदी तक दूध उत्पादन का नुकसान उठाना पड़ता है। एक अनुमान के मुताबिक इससे डेयरी उद्योग को लगभग 52.6 करोड़ डॉलर का नुकसान होता है। भारत में दूध उत्पादन का औसत महज तीन लीटर प्रति पशु है, जबकि यही औसत ऑस्ट्रेलिया में 16 और इजरायल में 36 लीटर प्रति पशु है।

## आस्ट्रेलियन ओपन : नडाल, दिमित्रोव ने जीता पहले दौर का मैच

मेलबर्न (आरएनएस)। स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और वर्ल्ड नंबर-2 राफेल नडाल ने साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट आस्ट्रेलियन ओपन का आगाज जीत के साथ करते हुए सोमवार को पहले दौर में जीत हासिल की है। वहीं बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव भी दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे हैं। नडाल ने पुरुष एकल वर्ग के पहले दौर के मैच में आस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ को मात दी। स्पेनिश दिग्गज ने यह मुकाबला 6-4, 6-3, 7-5 से अपने नाम किया। नडाल को यह मैच जीतने में दो घंटे 15 मिनट का समय लगा। नडाल ने इस मैच मे सिर्फ दो डबल फॉल्ट लगाए जबकि डकवर्थ ने 11 डबल फॉल्ट लगाए।

## Amazon Great Indian Sale 2019 : कई प्रोडक्ट मिलेंगे सस्ते में

नई दिल्ली। Amazon Great Indian Sale एक बार फिर शुरू होने वाली है। अमेजन ग्रेट इंडियन सेल का आगाज़ 20 जनवरी से होगा और यह सेल 23 जनवरी तक चलेगी। चार दिनों तक चलने वाली Amazon Sale में ग्राहकों को स्मार्टफोन, लैपटॉप, कैमरा, हेडफोन, एप्लायंसेज और कई प्रोडक्ट पर शानदार डील्स मिलेंगी। अमेजन ने एचडीएफसी बैंक के साथ हाथ मिलाया है, इसका मतलब यदि ग्राहक एचडीएफसी बैंक के कार्ड से बिल का भुगतान करते हैं तो उन्हें 10 प्रतिशत का इंस्टेंट डिस्काउंट दिया जाएगा।

## जोहान्सबर्ग टेस्ट : दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को दिया 381 का लक्ष्य

जोहान्सबर्ग (आरएनएस)। क्विंटन डी कॉक (129) और हाशिम अमला (71) की बेहतरीन पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने यहां खेले जा रहे तीसरे और आखिरी टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को 303 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 262 रन का स्कोर बनाया था और उसने पाकिस्तान को उसकी पहली पारी में 185 रन पर समेटकर 77 रन की बढ़त हासिल कर ली थी।

## शुभ कार्य से पहले होती हैं बप्पा की पूजा, बुधवार को गणेशजी की पूजा करने से मिलता है गजब का लाभ

अगर आप बुधवार को गणेशजी की पूजा करेंगे तो आपको गजब का लाभ मिलेगा। जी हां बुधवार को गणेशजी की पूजा से लड़कियों को उनके मनचाहा वर ढूंढने में भी मदद मिलती है।



बुधवार को इस तरह करें गणपति पूजन बता दें कि, अगर आप को गणेशजी की पूजा करेंगे तो आपको गजब का लाभ मिलेगा।जी हां बुद्धवार को गणेशजी की पूजा से आपको गजब का लाभ मिलेगा।बुद्धवार को गणेशजी की पूजा से आपको काफी लाभ मिलेगा और अगर आप इस खास दिन पर गणपति बप्पा की पूजा करेंगे तो आपको वैवाहिक जीवन में काफी लाभ मिलने वाला है। सच्चे मन से गणेश जी की पूजा की जाये तो वो अपने भक्तो पर जल्दी प्रसन्न होते है और मनचाहा वर प्रदान करते है।गणेश जी की कृपा जिस पर हो जाती है उसके सारे काम बिना किसी रुकावट के फटाफट हो जाते हैं। यदि आप भी भगवान श्रीगणेश की कृपा पाना चाहते हैं तो सच्चे मन और श्रद्धा भाव से श्रीगणेश की पूजा करें।

श्री गणेश की पूजन विधि नए साल पर अच्छा और सुखी जीवन शुरू करने के लिए गणेश जी की पूजा करें। पूजा करने की विधि कुछ इस तरह है,बुद्धवार को सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि नित्य कर्म से शीघ्र ही निवृत्त हों। दोपहर के समय सामर्थ्यनुसार सोने, चांदी, तांबे, पीतल या मिट्टी की भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करें। संकल्प मंत्र के बाद श्रीगणेश की षोड़शोपचार पूजन-आरती करें। सिंदूर चढ़ाएं। गणेश मंत्र बोलते हुए 21 दुर्वा दल चढ़ाए।गुड़ या बूंदी के 21 लड्डूओं का भोग लगाएं। इनमें से 5 लड्डू मूर्ति के पास चढ़ाएं और 5 ब्राह्मण को दान कर दें। शेष लड्डू प्रसाद के रूप में बांट दें।

## सुनील गावस्कर ने हार्दिक-राहुल को बीच सीरीज में वापस बुलाने के फैसले का समर्थन किया

नई दिल्ली। टीम इंडिया के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच हार्दिक पाड्या और केएल राहुल को एक टीवी शो में महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने पर प्रतिबंध लग गया है. इसकी वजह दोनों खिलाड़ियों को बीच वनडे सीरीज छोड़कर देश वापस आना पड़ रहा है. बीसीसीआई ने इस मामले की जांच होने तक उन्हें टीम इंडिया से निलंबित रखा है. टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने बीसीसीआई के इस फैसले को सही ठहराते हुए हार्दिक-राहुल पर लगा बैन उचित बताया है. गावस्कर ने अपनी कप्तानी के दौरान एक बार भारत के महान गेंदबाज कपिलदेव को भी टीम से बाहर कर दिया था. जिसके बाद उनकी काफी आलोचना भी हुई थी. गावस्कर पूरी तरह से बीसीसीआई के फैसले के पक्ष में दिखाई दिए. गावस्कर ने कहा, यदि आप ऐसा काम करते हैं जिससे आपकी टीम की बदनामी होती है, तो आप टीम का हिस्सा नहीं हो सकते. यकीनन, यदि जरूरत पड़ी तो जांच उनके खिलाफ कार्यवाही तय करेगी ही. उन्हें वापस बुलाया गया है, मुझे लगता है कि यह सही कदम है क्योंकि आप निलंबित खिलाड़ियों को टीम के साथ नहीं सफर करने दे सकते या एक ही कमरे में नहीं रख सकते.



## वनडे सीरीज में वापसी के लिए पूरा जोर लगाने को तैयार हैं टीम इंडिया

एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में 0-1 से पिछड़ने के बाद टीम इंडिया एडिलेड में सीरीज का दूसरा मैच खेलेगी. टीम के लिए गुरूवार को होने वाला यह मैच 'करो या मरो' की मानसिकता वाला हो गया है. अनुशासनात्मक कारणों से हार्दिक पंड्या को अचानक टीम से बाहर किए जाने से बल्लेबाजी क्रम का संतुलन बिगड़ गया है. भारत को सिडनी में हुए पहले मैच में रोहित शर्मा के 22वें वनडे शतक के बावजूद 34 रन से पराजय झेलनी पड़ी थी. टीम की सबसे बड़ी चिंता बीच के ओवरों में रन गति बनाए रखने में नाकाम साबित हो रहे महेंद्र सिंह धोनी का खराब फॉर्म है. धोनी ने 96 गेंद में 51 रन बनाये और वह स्ट्राइक रोटेट नहीं कर सके. उनकी इस धीमी पारी से बल्लेबाजी क्रम में बदलाव की संभावना बनती है. धोनी पांचवें नंबर पर उतरते हैं।



## आज का राशिफल

मेषः आज आप जिस काम को करने का संकल्प लेंगे, वह काम पूर्ण हो जाएगा। किसी का एडमिशन हो या फिर यात्रा आदि की व्यवस्था, सभी काम पूरे होंगे। किसी जरूरी वस्तु की खरीदारी कर सकते हैं।

वृषभः आप अपने सभी कामकाजी गतिविधियों को जरूरत के मुताबिक संचालित करने में सफल रहेंगे। संगी-साथी आपको मदद देने के लिए तैयार तो हैं परंतु उस पर पूरी तरह विश्वास करना खतरे से खाली नहीं होगाज

मिथुनः यदि आप अपने करियर में बदलाव लाने की कोशिश कर रहे हैं तो अभी परिस्थितियां ठीक नहीं हैं। किसी भी काम में हाथ डालने से पहले अपने हम सफर से सलाह जरूर लें।

कर्कः आज के दिन किसी नए प्रोजेक्ट पर आपका ध्यान आकर्षित होगा। हो सकता है इस क्षेत्र में कुछ पुराने मित्रों से आर्थिक सपोर्ट मिल जाए। अगर आप किसी की सहायता करेंगे तो आपको भी कुछ आर्थिक लाभ हो सकता है।

सिंहः अगर आज आप सैर सपाटे की योजना बन रहे हैं तो इस के लिए कुछ तैयारी करनी होगी। कुछ अधूरे काम भी आपको पूरे करने होंगे।

कन्याः आज किसी बात को लेकर आपका मन परेशान रहेगा। यदि आप किसी प्रेम प्यार के दायरे का खुलासा करते हैं तो कहीं न कहीं से पारिवारिक वातावरण अधिक क्षुब्ध हो सकता है।

तुलाः तीर्थ यात्रा आदि का कार्य म बन सकता है। आज आपके घर कुछ मित्र आ सकते हैं। इनके स्वागत के खातिर कुछ धन की भी व्यवस्था करनी पड़ सकती है। यदि आप किसी एग्जाम परीक्षा के लिए तैयारी करना चाहते हैं तो फिर अपने घर के साधन को व्यवस्थित करने होंगे।

वृश्चिकः अपने बिजनेस या जॉब प्रोस्पेक्टस को सुधारने के लिए कार्यक्रम में परिवर्तन करना आवश्यक होगा। आर्थिक फील्ड में अभी ज्यादा प्रेसर नहीं है।

धनुः किसी खास सदस्य के खराब स्वास्थ्य के कारण घर परिवार का वातावरण कुछ अवसादपूर्ण रहेगा। तनाव से उबरने का रास्ता यहीं है कि आज आप किसी मनोरंजक यात्रा पर निकल जाएं।

मकरः शारीरिक शिथिलता और अस्वस्थता आज नहीं रहेगा। आपको एक्सरसाइज, योग आदि का अच्छा परिणाम मिलने लगेगा। छोटे सदस्य या संतान की ओर से भी अच्छा समाचार मिलेगा।

कुंभः आज आपके कार्यक्षेत्र के वातावरण में सुधार होगा। कठोर प्रकृति का व्यक्ति नज़रों से दूर रहेगा और वातावरण में हल्कापन और मनोरंजन का रंग छाया रहेगा।

मीनः आज किसी बात के कारम मन मायूस रहेगा। कुछ विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।आज आपको जीवनसाथी का भरोसा जीतना जरूरी होगा।

## शब्द सामर्थ्य-48

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 17 | | | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 47 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

## सू-दोकू-48

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.47 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## सर्दियों में लाजवाब रहती है शलजम की सब्जी



शलजम की सब्जी हर किसी को नहीं भाती लेकिन इसमें थोड़े बहुत एक्सपेरिमेंट करके अगर आप इसे सर्व करें तो अंदाजा लगा पाना मुश्किल होता है। तो आइए हम आपको बताते है इन के बारे में।

बनाने की सामग्री : 300 ग्राम शलजम, 200 ग्राम टमाटर पेस्ट, 2 हरी मिर्च का पेस्ट, ङ्ग मटर के दाने, 2-3 टेबलस्पून कटा धनिया, 2 टेबलस्पून तेल, चुटकी भर हींग, ङ्ग टीस्पून जीरा, 1 टीस्पून अदरक का पेस्ट।

आधा नींबू, द टीस्पून हल्दी, 1 टीस्पून धनिया पाउडर, ङ्ग टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, द टीस्पून गरम मसाला, 1 टीस्पून चीनी, नमक- स्वादानुसार

बनाने की विधि : हम सबसे पहले कुकर में तेल डालकर जीरा, हींग, अदरक का पेस्ट, हल्दी, धनिया पाउडर, कटी शलजम, लाल मिर्च और नमक डालकर भूनें। पानी डालकर 1 सीटी लगाएं।

फ्राइंगपैन में बचा तेल डालें। बचे मसाले और मटर डालें। इसमें उबली शलजम डालकर अच्छी तरह भून ले। ऊपर से धनिया डालकर सर्व करें।